# UP Board

## Class 7 Maths Important Questions Hindi Medium Chapter 7 **वाणिज्य गणित**

### अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
3 km का 300 m के साथ अनुपात ज्ञात कीजिए।
हल:
3 km : 300 m

= 3000 m : 300 m [∵ 1 km = 1000 m]
= 10 : 1

प्रश्न 2.
25 बच्चों में 15 लड़कियाँ हैं। लड़कियों का प्रतिशत निकालिये।
हल:
$\frac{15}{25}$ × 100 = 60 अर्थात् 60%

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
यदि 6 कटोरियों का मूल्य 90 रु. है, तब ऐसी ही 10 कटोरियों का मूल्य क्या होगा?
हल:
∵ 6 कटोरियों का मूल्य = 90 रु.
अतः, 1 कटोरी का मूल्य = $\frac{90}{6}$ रु.
90 अतः, 10 कटोरियों का मूल्य = $\frac{90}{6}$ रु. × 10 = 150 रु.

प्रश्न 2.
एक कार 25 लीटर पैट्रोल में 150 km चलती है। 30 लीटर पैट्रोल में यह कितनी दूर चलेगी?
हल:
∵ 25 लीटर पैट्रोल में तय की गई दूरी = 150 km
अतः, 1 लीटर पैट्रोल में दूरी चलेगी = $\frac{150}{25}$ km
अतः, 30 लीटर पैट्रोल में दूरी चलेगी
= $\frac{150}{25}$ × 30 km = 180 km

प्रश्न 3.
इडली बनाने के लिए 1 भाग उड़द की दाल तथा 2 भाग चावल की आवश्यकता होती है। इडली के ऐसे मिश्रण में, उड़द की दाल व चावल का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
हल:
मिश्रण को अनुपात रूप में इस प्रकार लिखा जाएगा:
चावल : उड़द की दाल = 2 : 1
अब, कुल भाग 2 + 1 = 3 अर्थात् मिश्रण में $\frac{2}{3}$ भाग चावल तथा $\frac{1}{3}$ भाग उड़द की दाल है।
अतः, चावल का प्रतिशत होगा
$\frac{2}{3} \times 100\% = \frac{200}{3} = 66\frac{2}{3}\%$
तथा उड़द की दाल का प्रतिशत होगा
$\frac{1}{3} \times 100\% = \frac{100}{3} = 33\frac{1}{3}\%$

प्रश्न 4.
रवि, राजू तथा राय में 250 रु. इस प्रकार बाँटे गए कि रवि को दो भाग, राजू को तीन भाग तथा राय को पाँच बाग मिले। इस बँटवारे में प्रत्येक को कितना धन मिला तथा उनका प्रतिशत कितना था?
हल:
प्रत्येक के भाग को अनुपात रूप में इस प्रकार लिखा जायेगा 2 : 3 : 5
सभी भागों का योग हुआ 2 + 3 + 5 = 10
रवि को मिला $\frac{2}{10} \times 100\% = 20\%$
अर्थात् $\frac{2}{10}$ - 250 रु. = 50 रु.
राजू को मिला $\frac{3}{10} \times 100\% = 30\%$
अर्थात् $\frac{3}{10} \times 250$ रु. = 75 रु.
राय को मिला $\frac{5}{10} \times 100\% = 50\%$
अर्थात् $\frac{5}{10} \times 250$ रु. = 125 रु.

https://www.evidyarthi.in/